## महत्वपूर्ण एवं खास

### एक क्विंटल से ज्यादा गांजे के साथ तीन गिरफ्तार

**जशपुर (आरएनएस)।** जिले की तपकरा थाना पुलिस ने गांजा तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 1 क्विंटल 5 किलोग्राम गांजा जब्त किया है। मामले में पुलिस ने उत्तर प्रदेश के 3 युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। मिली जानकारी के अनुसार तपकरा पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली थी कि कुछ लोग तपकरा थाना क्षेत्र से लगे ओड़िसा राज्य से गांजा लेकर उत्तरप्रदेश की ओर जा रहे है। सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मुखबीर की सूचनानुसार बताए गए कार को रोका तथा तो कार से 13 लाख रुपये का 1 क्विंटल 5 किलोग्राम गांजा मिला। मामलें में पुलिस ने गांजा तथा कार को जब्त करते हुए कार सवार तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। तथा उनके खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

### ट्रक चालक 15 लाख से अधिक का माल लेकर फरार

**रायपुर (आरएनएस)।** विकास नगर गुढिय़ारी से 15 लाख से अधिक का एमटी चैनल लोहा लोड कर एक ट्रक ड्राइवर प्रयागराज यूपी के लिए रवाना हुआ था, जो अब तक अपने गंतव्य स्थान पर नहीं पहुंचा। प्रार्थी की शिकायत पर उरला पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ अमानत में ख्यानत का मामला दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ प्रोडक्ट एवं रायपुर फोरजी प्राइवेट लिमिटेड उरला के प्रबंधक विमल कुमार पांडे ने थाना में शिकायत की है कि उसने अपनी फैक्ट्री से 11 जून को ट्रक क्रमांक पीबी 12 एन 3851 में एमटी चैनल लोहा लोड करवाया था। जिसकी कीमत करीब 15 लाख 11 हजार 878 रुपए है, अपने हेड ऑफिस प्रयागराज यूपी के लिए रवाना किया था। माल आज तक अपने गंतव्य स्थान तक नहीं पहुंच पाया। जब प्रार्थी ने ट्रक चालक रामलाल से संपर्क किया तो संपर्क नहीं हो पाया। जिसके बाद उसने इसकी शिकायत उरला थाने में की। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अमानत में ख्यानत का मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

### नवविवाहिता ने जहर खाकर दी जान, 6 महीने पहले ही हुई थी शादी

**बिलासपुर (आरएनएस)।** शहर के मंगला में रहने वाली नवविवाहिता ने जहर सेवन कर लिया जिसके बाद तबीयत बिगडऩे पर उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इसकी सूचना विवाहिता के मायके वालों को दी गई है। परिजनों की मौजूदगी में आज शव का पंचानामा कराया जाएगा। सिविल लाइन थाना प्रभारी परिवेश तिवारी ने बताया कि मंगला के आजाद चौक में रहने वाली संदीपा पात्रे का छह महीने पहले सत्यप्रकाश से विवाह हुआ था।आज सुबह मायके वालों की मौजूदगी में शव का पंचनामा कराया जाएगा। मायके वालों के बयान से नवविवाहिता के आत्महत्या के कारणों की जानकारी मिल सकेगी।

### अभियान चलाकर पुलिस ने 5 बदमाशों पर की कार्यवाई

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी पुलिस ने विशेष अभियान चलाते हुए सरेआम शराब का सेवन करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। वहीं चाकू लेकर आतंक फैलाते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार आरंग थाना पुलिस ने बीती रात शराब सेवन करते हुए आरोपी जगमोहन बघेल 40 वर्ष और नेवरा पुलिस ने आरोपी सहसराम निषाद 38 वर्ष और खरोरा पुलिस ने आरोपी अजय कुमार टण्डन 32 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इस तरह कोतवाली पुलिस ने चाकू लेकर आतंक फैलाते हुए आरोपी टीपू साहू 20 वर्ष और गुप्तेश्वर कुमार 22 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

# जिले में स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि और कुपोषण मुक्ति सहित विभिन्न विकास कार्य के प्रस्तावों को मिली स्वीकृति

- **कलेक्टर भीम सिंह की अध्यक्षता में हुई डीएमएफ शासी परिषद की बैठक**
- **स्वास्थ्य सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए सभी सीएचसी एवं पीएचसी में खुलेंगे हमर लैब**




**रायगढ़।** कलेक्टर भीम सिंह की अध्यक्षता में जिला खनिज संस्थान न्यास शासी परिषद की बैठक आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2022-23 में डीएमएफ मद से तैयार किए गए कार्ययोजना के संबंध में विस्तृत चर्चा की गयी। इस मौके पर रायगढ़ विधायक प्रकाश नायक, लैलूंगा विधायक चक्रधर सिंह सिदार एवं सारंगढ़ विधायक उत्तरी गनपत जांगड़े भी उपस्थित रहे। बैठक में डीएमएफ से वर्ष 2022-23 की कार्ययोजना के 65 करोड़ से अधिक के विभिन्न कार्यों का अनुमोदन किया गया।

कलेक्टर सिंह ने कहा कि जिले में कुपोषण मुक्ति, स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण, शिक्षा, कृषि व उद्यानिकी के साथ शासन की फ्लैगशिप योजनाओं के लिये डीएमएफ निधि से लगातार कार्य किए जा रहे है। उन्होंने बताया कि जिले में सुपोषण अभियान के तहत आंगनबाडिय़ों में गरम भोजन एवं अण्डा प्रदाय किया जा रहा है। साथ ही रागी लड्डू पर राशि व्यय की जा रही है। ताकि जिले के हर एक बच्चा सुपोषित रहे। इसी तरह स्वास्थ्य, शिक्षा की दिशा में डीएमएफ मद की राशि का बेहतर उपयोग किया जा रहा है। कलेक्टर सिंह ने कहा कि लोगों के स्वास्थ्य सुविधाओं को विशेष ध्यान में रखते हुए सभी सीएचसी एवं पीएचसी में हमर लैब खोला जाएगा। साथ ही जिले के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में ब्लड बैंक खोले जा रहे हैं। जिसके तहत खरसिया विकासखण्ड के सिविल अस्पताल से ब्लड बैंक की शुरूआत की जाएगी। तत्पश्चात अन्य विकासखण्डों में भी शुरू किया जाएगा। डीएमएफ मद से हाट-बाजार क्लीनिक्स से ग्रामीण इलाकों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने 14 सुप्रो एम्बुलेंस की भी खरीदी की गयी है। अस्पतालों में एएनएम व मानव संसाधन की भर्ती भी की जाएगी। स्कूलों में भी भवन उन्नयन और संसाधनों की व्यवस्था का प्रावधान किया गया है। कलेक्टर सिंह ने कहा कि सभी स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में रनिंग वाटर सप्लाई का कार्य के लिए प्रस्ताव तैयार किया गया है। कलेक्टर सिंह ने बताया कि जिला कौशल विकास प्राधिकरण के तहत स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, नवा रायपुर में जिले के डीएमएफ मद से डिग्री एवं डिप्लोमा कोर्स में प्रवेश कराया जा रहा है।

लैलूंगा विधायक चक्रधर सिंह ने लैलूंगा के मेन्टेनेंस की आवश्यकता वाले छात्रावासों में सुधार कार्य करवाने हेतु कहा। कलेक्टर सिंह ने संबंधित अधिकारी को जिन छात्रावासों में मेन्टेंनेस की जरूरत है उसका प्रस्ताव बनाकर उसे शीघ्र सुदृढ़ीकरण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले के अंतर्गत संचालित 34 छात्रावास/आश्रमों में जलस्तर नीचे गिरने एवं बोर खनन हेतु प्रस्ताव तैयार किया गया है। साथ ही 5 आदर्श छात्रावास आश्रमों हेतु अन्य संसाधन उपलब्ध कराये जायेंगे। सारंगढ़ विधायक उत्तरी गनपत जांगड़े ने सारंगढ़ स्थित अपेक्स बैंक में किसानों के लिए बैठक व्यवस्था की मांग की। जिस पर कलेक्टर सिंह बताया कि जिन अपेक्स बैंक में बैठक व्यवस्था नहीं है उसके लिए प्रस्ताव तैयार किए गए है जल्द ही वहां उचित व्यवस्था की जाएगी।

कलेक्टर सिंह ने बताया कि सामुदायिक बाड़ी बैहामुड़ा में प्लास्टिक मल्चिंग से एवं सूक्ष्म सिंचाई ड्रीप योजना से 2-2 हेक्टेयर रकबा में खेती करने हेतु प्रस्ताव तैयार किया गया है। शासकीय जिला आयुर्वेद चिकित्सालय रायगढ़ में पैथोलॉजी संचालन हेतु सीबीसी मशीन उपलब्ध कराये जायेंगे। जिले में हॉकी खिलाडिय़ो को राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर तैयार करने हेतु विभिन्न आधुनिक हॉकी खेल एवं ट्रेनिंग सामग्री प्रदाय की जाएगी। साथ ही 9 विकासखण्डों में मत्स्य उत्पादन में वृद्धि हेतु तालाब व पोखर में मत्स्य पालन हेतु पूरक मत्स्य आहार प्रदाय हेतु प्रस्ताव तैयार किया गया है। जिला परियोजना लाईवलीहुड कालेज में टेक्सटाईल्स यूनिट संचालन हेतु प्रस्ताव तैयार किया गया है।

बैठक के दौरान शासी परिषद के सदस्य अरूण मालाकार, सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा, आयुक्त नगर निगम संबित मिश्रा, सीएमएचओ डॉ.एस.एन.केशरी, ज्वाइंट कलेक्टर सुश्री अभिलाषा पैकरा, जिला शिक्षा अधिकारी आर.पी.आदित्य, सहायक आयुक्त आदिवासी अविनाश श्रीवास सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## स्कूल खुलने पर शेष छात्रों को शासकीय योजनाओं का मिलेगा लाभ

- **पुस्तक, ड्रेस और साइकिल का किया जाएगा वितरण**



**रायपुर (आरएनएस)।** शासन के निर्देशानुसार शैक्षणिक सत्र 2022-23 में प्रदेश के शासकीय स्कूलों में पढऩे वाले छात्रों को पुस्तक और ड्रेस का विभागीय योजना के तहत किया जा रहा है।

विभागीय योजनाओं के तहत छात्रों को पुस्तक और ड्रेस का वितरण प्रारंभ किया जा चुका है।जिले के सभी विकासखंडों में छात्रों के लिए पुस्तक उपलब्ध कराया जा चुका है।इसी तरह छात्रों के लिए ड्रेस धरसींवा विकासखंड में भेजा जा चुका है तथा शेष विकासखंडो में हथकरघा से मिलने पर स्कूलों को उपलब्ध कराया जाएगा।इसी तरह छात्रों को स्कूल आने जाने के लिए साइकिल का वितरण शासन से प्रशासकीय स्वीकृति मिलने पर निर्देशानुसार यथाशीघ्र किया जाएगा।

जिला शिक्षा अधिकारी श्री ए.एन.बंजारा ने बताया कि छात्रों को पुस्तक और ड्रेस का वितरण अवकाश अवधि में भी किया गया है।जिन छात्रों को पुस्तक नही मिला है,उन्हें स्कूल खुलने के दिन वितरित कर दिया जाएगा।इस संदर्भ में सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए है।जिन स्कूलों में ड्रेस और पुस्तक वितरण पिछड़ा है, उन स्कूलों के प्राचार्यों को वितरण प्रक्रिया जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए है।वितरण की प्रोग्रेस रिपोर्ट भी मांगी गई है।

## धार्मिक उन्माद फैलाने वाले आरोपी को 24 घंटे के भीतर कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा रिमांड पर

- **आरोपी अपने फेसबुक अकाउंट से किया था आपत्तिजनक पोस्ट**



**रायगढ़।** पिछले दिनों थानों में सर्व धर्म, समुदाय के प्रतिनिधियों के साथ पुलिस अधिकारियों द्वारा ली गई बैठक में पुलिस अधिकारियों द्वारा स्पष्ट किया गया था कि सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाले असामाजिक तत्वों और सोशल मीडिया के माध्यम से सौहार्द बिगड़ने की कोशिश की गई तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसी क्रम में एसपी अभिषेकमीणा के दिशा निर्देशन पर दिनांक 14.06.2022 को थाना कोतवाली में दर्ज ऐसे ही मामले के आरोपी राजेश कश्यप उर्फ लीलाम्बर कश्यप को कोतवाली पुलिस द्वारा अपराध कायमी के 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। आरोपी राजेश कश्यप उर्फ लीलाम्बर कश्यप अपने फेसबुक अकाउंट से एक आपत्जिनक पोस्ट किया गया था। एएसपी लखन पटले बताये कि रायगढ़ पुलिस की सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल, सोशल मीडिया के हर प्लेटफार्म पर निगरानी रख रही है।

पुलिस अधीक्षक अभिषेकमीणा के दिशा निर्देशन पर जिले की सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल, सोशल मीडिया पर पोस्ट किये हुए मैसेज, फोटो, विडियो पर निगाह रखे हुए है। दिनांक 14.06.2022 को मॉनिटरिंग सेल में कार्यरत प्रधान आरक्षक राजेश पटेल द्वारा राजेश कश्यप नाम के बने फेसबुक आईडी से पोस्ट किये गये वायरल विडियो को चिन्हांकित किया गया। पोस्ट समाज में सौहार्द बिगाडने व प्रभाव डालने के उद्देश्य से वायरल किया जाना पाये जाने से प्रधान आरक्षक राजेश पटेल द्वारा थाना कोतवाली में संबंधित राजेश कश्यप पर कार्रवाई के लिए लिखित आवेदन दिया गया। थाना कोतवाली में आरोपी पर राजेश कश्यप उर्फ लीलाम्बर कश्यप पर धारा 153 (ए) एवं 505 आईपीसी के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उसके निवास स्थान पर दबिश देकर आरोपी को हिरासत में लिया गया। आरोपी पूछताछ में आरोप स्वीकार किया है, जिसे घटना कारित मोबाइल की जप्ती की है। आरोपी राजेश कश्यप उर्फ लीलाम्बर कश्यप पिता श्याम लाल कश्यप 54 साल निवास पता एलआईजी 10 पीके तामस्कर हाउसिंग चक्रधरनगर रायगढ़ को आज गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। आरोपी पतासाजी गिरफ्तारी में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष नागर के साथ सहायक उप निरीक्षक अवधेश सिंह एवं हमराह स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही है।

## पिकअप वाहन से रुपयों से भरे बैग की उठाईगिरी मामले में अपचारी बालक गिरफ्तार

- **बालक से बरामद चोरी की 59 हजार रुपए नकद सहित मोबाइल, ब्लैंककेट व कपड़े जब्त**
- **चोरी के अपराध में बाल अपचारी को भेजा गया किशोर न्यायालय रायगढ़**



रायगढ़। खरसिया के तुर्रीभाठा बाईपास रोड पर दिनांक 08.06.2022 को एक पिकअप वाहन से रूपयों भरा बैग की उठाईगिरी हुई थी। वाहन का चालक दिनांक 14.06.2022 को चौकी खरसिया आकर उठाईगिरी की घटना चौकी प्रभारी नंद किशोर गौतम को बताया, चौकी प्रभारी द्वारा घटना की तस्दीकी कर तत्काल अपने सूत्रों को उठाईगिरी की जानकारी देकर सूचना देने निर्देशित किये, कुछ ही देर बाद चौकी प्रभारी को उनके सक्रिय मुखबिर द्वारा अटल आवास में रहने वाले एक लड़के को कुछ दिनों से काफी रूपये खर्च करने की जानकारी दिया। चौकी प्रभारी संदेही को हिरासत में लेकर एक-एक कर प्रश्नों के बौछार कर वैज्ञानिक तरीकों से पूछताछ किये जिस पर संदेही दिनांक 08.06.2022 को तुर्रीभाठा बाईपास रोड चुहडमल के गोदाम के पास खड़ी पिकअप वाहन से एक कपड़े का बैग, ब्लैंककेट व कपडे की चोरी करना स्वीकार किया और बताया कि बैग में उसे 78,000 रूपये नकद मिला जिसमें 9 हजार रूपये का पोको मोबाइल खरीदा, 10,000 रूपये पिछले 6 दिनों में खाने-पीने में खर्च कर देना बताया। शेष रकम 59,000 रूपये, एक पोको मोबाइल, कपडे का बैग, एक ब्लैंककेट, कपड़े को पुलिस टीम द्वारा बरामद किया गया है जिसे प्रार्थी/पिकअप वाहन के ड्रायवर पहचान करने पर पहचान किया। संदेही विधि के साथ संघर्षरत अपचारी बालक है जिसे चोरी के अपराध में आज किशोर न्याय बोर्ड रायगढ़ के समक्ष पेश किया जावेगा। मामले में त्वरित कार्रवाई करने में चौकी प्रभारी खरसिया उप निरीक्षक नंद किशोर गौतम, प्रधान आरक्षक अशोक देवांगन, आरक्षक सोहन यादव की सराहनीय भूमिका रही है।

घटना के संबंध में रिपोर्टकर्ता पिकअप वाहन का ड्रायवर मनोज क्षत्री (42 साल) निवासी खेदामारा , जिला - दुर्ग बताया कि भिलाई के रविकल पाल का पिकअप क्रमांक सीजी-24-एफ-7720 को चलाता है। रविकल पाल का सोनपापडी का छोटा उद्योग है। दिनांक 08.06.22 को पिकअप मे सोनपापडी लोडकर सक्ती गया था। साथ में सुपरवाईजर भरत कुमार बारले भी था। सोनपापडी सक्ती में खाली किये सक्ती वाले दुकानदार ने 78,000 रू सोनपापडी का दिया था। उसको अपने कपडे का बेग में रखकर बैग को पिकअप सीट में रख दिया। उसके बाद पिकअप चलाते खरसिया तुर्रीभाठा बाईपास रोड चुहडमल के गोदाम में सोनपापडी खाली करने गये थे। दोपहर करीब 3.00 बजे गाडी खाली कर रहे थे। उसी दौरान कोई कपड़े वाले बैग, एक ब्लन्केट, हाफ पेंट कोई चोर चोरी कर ले गया था। आसपास पता लगाये रकम से कोई पता नही चला तो वापस दुर्ग लौट गये थे। मालिक को रूपयों के चोरी की जानकारी दिए जो रिपोर्ट कराने कहने पर रिपोर्ट कराने आया।

## 19 जिलों के लिए अलर्ट जारी, बिजली गिरने के साथ चलेगी आंधी



**रायपुर (आरएनएस)।** मौसम विभाग ने प्रदेश के 19 जिलों में बिजली गिरने के साथ ही तेज आंधी चलने का अलर्ट जारी किया है। जारी अलर्ट के अनुसार, रायगढ़, जांजगीर, बिलासपुर, मुंगेली, कबीरधाम, बेमेतरा, बलौदा बाजार, महासमुंद, गरियाबंद, धमतरी, राजनांदगांव, दुर्ग, कांकेर, कोंडागांव, नारायणपुर, बस्तर, बीजापुर, दंतेवाड़ा, सुकमा और उनसे लगे जिलों में गरज चमक के साथ वज्रपात होने की संभावना है। मौसम विभाग अनुसार छत्तीसगढ़ में जल्द ही मानसून दस्तक देगी।

मौसम विभाग के मुताबिक एक पूर्व-पश्चिम द्रोणिका उत्तर-पश्चिम उत्तर प्रदेश से असम तक स्थित है। एक उत्तर-दक्षिण द्रोणिका दक्षिण बिहार से दक्षिण तटीय आंध्र प्रदेश तक स्थित है जिसके प्रभाव से आज प्रदेश के अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पडऩे की संभावना है। प्रदेश में एक दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ वज्रपात और अंधड़ भी चलने की संभावना है। साथ ही प्रदेश में लगातार वर्षा होने की सम्भावना भी बनी हुई है।

## जल जीवन मिशन के तीन दिवसीय कार्यशाला का हुआ समापन अंतिम दिवस में फील्ड अभ्यास के अनुभव पर हुई विस्तृत चर्चा



**रायगढ़।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा वाटर ऐड संस्था के सहयोग से जल जीवन मिशन अंतर्गत कार्यान्वयन सहायता एजेंसी आईएसए के सदस्यों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन जिला पंचायत रायगढ़ के सभाकक्ष में किया गया।

जिला पंचायत सीईओ अबिनाश मिश्रा ने कार्यशाला को संबोधित किया। उन्होंने हर घर नल से जल पहुंचाने के साथ ही जल संरक्षण के प्रयास करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन की योजना पेयजल समस्या निवारण के लिए अमृत तुल्य है। उन्होंने आईएसए के सदस्यों से मैदानी स्तर पर हो रही परेशानियों के बारे में संज्ञान लिया व साथ ही आश्वासन दिया कि उनके तरफ से हर संभव सहायता दी जाएगी।

कार्यशाला के दूसरे दिन 14 जून को प्रशिक्षणार्थियों की टीम बनाकर तीन ग्राम संगीतराई, सूर्री और लिंजिर का फील्ड विजिट एवं अभ्यास किया गया। जिसमें जल जीवन मिशन के अनिवार्य अंग ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति के साथ सहज संवाद करने के साथ ही एफ.टी.के.द्वारा जल गुणवत्ता परीक्षण, ग्राम कार्ययोजना का निर्माण तथा योजना के संचालन-संधारण आदि विषयों पर फील्ड अभ्यास किया गया। कार्यशाला के तृतीय एवं अंतिम दिवस में फील्ड अभ्यास के अनुभव पर विस्तृत चर्चा किया गया। मास्टर ट्रेनर अजहर कुरैशी, राजू राठौर एवं जितेंद्र कटरे द्वारा रेन वाटर हार्वेस्टिंग, ग्रे-वाटर मैनेजमेंट, योजना के संचालन-संधारण आदि विषयों की तकनीकी जानकारी प्रदान करने के साथ ही इसमें आई.एस.ए. की भूमिका पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता परीक्षित चौधरी, जे.पी. गोंड सहायक अभियंता उपखंड रायगढ़, देवप्रकाश वर्मा सहायक अभियंता खंड रायगढ़ सहित लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## मल्टी एक्टिविटी संचालित हो ऐसी जगहों पर बनाये वन गौठान -कलेक्टर

- **कलेक्टर सिंह ने ली समय-सीमा की बैठक**



**रायगढ़।** कलेक्टर भीम सिंह ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक ली। कलेक्टर सिंह ने डीएफओ को निर्देशित किया कि गोधन न्याय योजना के लिए चयनित वन गोठानों के लिए स्थान चयन पर विशेष ध्यान दिया जाए। जिससे उन गोठानों में मल्टी एक्टिविटी संचालित किया जा सके। इस दौरान उन्होंने इन गोठानों में पर्याप्त शेड, वर्मी पिट एवं पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने मूलभूत सुविधाओं के संबंध में विभागीय अधिकारियों को चयनित गोठानों के निरीक्षण के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गौठानों में गोधन न्याय योजना के तहत एप के माध्यम से खरीदी किया जाए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ अबिनाश मिश्रा उपस्थित रहे।

कलेक्टर सिंह ने गोधन न्याय योजना की समीक्षा करते हुए गौठानों के वर्मी कम्पोस्ट निर्माण में गुणवत्ता तथा मात्रा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने पूर्व सैंपल की रिपोर्ट की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को नियमित रूप से कम्पोस्ट सैम्पल की जांच करवाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने डीडीए को परीक्षण लैब की कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। जिससे गुणवत्ता की स्थानीय स्तर पर नियमित जांच की जा सके। कलेक्टर सिंह ने गोधन न्याय में खरीदी बढ़ाने के निर्देश विभागीय अधिकारी को दिए। कलेक्टर ड्क्षसह ने कहा कि धान के बदले अन्य फसलों के बीज की पर्याप्त उपलब्धता एवं किसानों को इसकी जानकारी प्रदान कर उठाव के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए। उन्होंने गोठानों में पशु चिकित्सा व नियमित जांच शिविर लगाने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने महिला समूहों तथा कम्पोस्ट उठाव के भुगतान के बारे में जानकारी लेते हुए नियमित भुगतान भुगतान के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होने स्व-सहायता समूह के उत्पादको की लिंकेज व ब्रिकी की मॉनिटरिग करनें को कहा। कलेक्टर सिंह ने लोक सेवा गारंटी के तहत प्रदान की जा रही सेवाओं की जानकारी लेते हुए प्राप्त प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने समय-सीमा की बैठक में जन समस्या निवारण शिविर के तहत प्राप्त आवेदनों तथा उनके निराकरण के बारे में विभागवार समीक्षा की। उन्होंने मांग तथा समस्याओं के बारे में विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने कहा कि आवेदन पर की गयी कार्यवाही से आवेदक को लिखित रूप में सूचित कर अवगत करायें। उन्होने सभी जनपद सीईओ को पेंशन एवं परिवार सहायता के प्रकरणों के आवेदनों का प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर सिंह ने मितान योजना के बारे में चर्चा करते हुए लाभ लेने वाले हितग्राहियों को जरूरी दस्तावेज के बारे में पूर्व सूचना देकर तथा आवश्यक दस्तावेज लेते हुए समय-सीमा में उन्हें सर्टिफिकेट बना कर देने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने राजीव युवा मितान क्लब के गठन हेतु प्राप्त नामों का वेरीफिकेशन पूर्ण कर राजीव युवा मितान क्लब का बैंक में खाता खुलवाने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने गत दिवस आयोजित रक्तदान दाता दिवस की जानकारी लेते हुए, जिले में वृहत स्तर पर ब्लड डोनेशन कैम्प का आयोजन करने के निर्देश दिए। उन्होंने धन्वतरी मेडिकल स्टोर में प्रति सप्ताह की दवाईयों की ब्रिकी की समीक्षा की। उन्होंने सीएमएचओ को निर्देश दिया कि डॉक्टरों द्वारा जेनेरिक दवाईयॉ लिखा जाए।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480